तापमान
अधिकतम 23.6 डिग्री
न्यूनतम 3.7 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

12 वीएलडीए कॉलेज का आयुक्त ने किया निरीक्षण



12 सांसद खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया दम




# आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

## -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

## -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी



आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ- इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

अदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण गें आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजों से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।




ADVT.


## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना के रेलवे फाटक के पास ट्रक की टक्कर लगने से बाइक पर सवार सत्येंद्र मूल निवासी बिहार की मौत हो गई। इसराना थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सत्येंद्र का शव उसके परिजनों को सौंप कर ट्रक चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग करते दो पकड़े

**पानीपत।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत अवैध गतिविधियों पर प्रहार करते हुए थाना सदर पुलिस ने रिफाइनरी गोल चक्कर के नजदीक सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग कर रहे दो युवकों जगबीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव शेरा व सोनू पुत्र राजबीर निवासी गांव कुताना को गिरफ्तार किया। थानेदार सदर बलजीत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना सदर में बीएनएस की धारा 194(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### गांव डाहर में कॉटन फैक्टरी में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में स्थित निर्मल कॉटन प्राइवेट लिमिटेड में गुरुवार की दोपहर को आग लग गई। फैक्टरी के मालिक हरीश मित्तल ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में रुई से धागा बनाया जाता है और यह पिछले 14 सालों से सुचारू रूप से चल रही थी। उन्होंने बताया कि बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। वहीं, दमकल की छह गाडियों से आग को काबू किया गया।

### डॉ. मनीश ने योग के 26 शब्दों का दिया ज्ञान

**कुरुक्षेत्र।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र के परिसर में एक योग की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें हरियाणा योग आयोग के सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के पूर्व संगठन मंत्री डॉ मनीश कुकरेजा ने ए बी सी ऑफ योग की वीडियो के माध्यम से योग के 26 शब्दों का सैद्धांतिक व क्रियात्मक ज्ञान सभी प्रतिभागियों को दिया।

## कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन

# हरियाणा पवेलियन में प्रादेशिक संस्कृति का अनूठा संगम बना आकर्षण का केंद्र

*हरियाणा की समृद्ध लोक परंपराओं, लोककला, पारंपरिक वस्त्रों, ग्रामीण जीवनशैली और सांस्कृतिक धरोहर को देखने के लिए पवेलियन में भारी संख्या में दर्शक उमड़े*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

- हरियाणवी संस्कृति को संरक्षित करने का सराहनीय प्रयास

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत इस वर्ष लगाए गए हरियाणा पवेलियन ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक झलकियों के चलते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा स्थापित यह पवेलियन महोत्सव में प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरा। पवेलियन में हरियाणा की समृद्ध लोक परंपराओं, लोककला, पारंपरिक वस्त्रों, ग्रामीण जीवनशैली और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक उमड़े। आधुनिकता के इस दौर में हरियाणवी संस्कृति को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का यह सराहनीय प्रयास लोगों को बेहद पसंद आया।

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की अस्मिता को दशार्ने वाले विविध प्रदर्शनों और प्रस्तुतियों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। ग्रामीण परिवेश से लेकर लोककला तक की झलक दिखाने वाले इस पवेलियन ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें हरियाणवी परंपराओं की गहरी समझ भी प्रदान की। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से किए गए इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया कि संस्कृति का संरक्षण तभी संभव है जब उसे वास्तविक और जीवंत रूप में समाज के सामने प्रस्तुत किया जाए। हरियाणा पवेलियन इस दिशा में एक प्रभावी मंच साबित हो रहा है। लोगों की उमड़ी भारी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि हरियाणवी संस्कृति आज भी लोगों के दिलों में बसती है और उसे करीब से देखने का अवसर मिलते ही लोग उत्साह के साथ उसकी ओर खिंचे चले आते हैं।



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पवेलियन में उमड़ी पर्यटकों की भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

### कश्मीरी काहवा दे रहा है गर्माहट का स्वाद

*कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर तट पर उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित स्टॉल नंबर 133 पर पर्यटक कश्मीर के काहवा का स्वाद चख रहे है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जम्मू कश्मीर के ग्रुप द्वारा विशेष प्रकार का काहवा में ड्राई फ्रूट आदि डालकर तैयार किया जा रहा है, जिसकी कीमत मात्र 50 रूपए रखी गई है। स्टॉल पर काम कर रहे कश्मीर के रहने वाले उमर फारुक व बिलाल ने बातचीत करते हुए कहा कि वे पिछले कई सालों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आ रहे हैं और उनकी स्टॉल पर कश्मीरी काहवा पीने वाले पर्यटक भारी संख्या में आ रहे है। उन्होंने कहा कि जो काहवा कश्मीर में 50 रूपए प्रति कप मिलता है और उसी रेट पर वे यहां काहवा में ड्राई फ्रूट आदि डालकर लोगों को दे रहे है, जिसे लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके ग्रुप में कई महिलाएं जुड़ी हुई है।*

## शिल्पकार अकील अहमद 25 सालों से पर्यटकों के लिए ला रहे बनारसी साड़ी



**कुरुक्षेत्र।** बनारस के शिल्पकार अकील अहमद का अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ 25 सालों का नाता रहा है। इस महोत्सव में लगातार आ रहे है और महोत्सव में आने वाली महिलाओं के लिए बनारसी सूट, साड़ी और दुपट्टे तैयार करके लाते है। इस महोत्सव से लगाव होने के कारण हर वर्ष बेसब्री के साथ इंतजार करते है। शिल्पकार अकील अहमद ने ब्रह्मसरोवर के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्टॉल नंबर 91 लगाया है। उनकी कहीं पर भी कोई अपनी निजी दुकान नहीं है। इन मेलों के बाद उनके पास जो भी समय बचता है, उस समय में अपनी खड्डियों से सूट, साड़ी और दुपट्टे तैयार करते है। इस शिल्पकला में उनके परिवारों के कई सदस्य लगे हुए है, सभी बनारसी साड़ी, सूट व दुपट्टे बनाने का कार्य करते है। महोत्सव में साड़ी की कीमत 1500 से लेकर 10 हजार रुपए, सूट की कीमत 1000 से लेकर 4 हजार तक और दुपट्टों की कीमत 500 रुपए से लेकर 1 हजार रुपए तक रखी हुई है।

### वूलन व कॉटन को सुंदर रूप दे रही तन्नू

**कुरुक्षेत्र।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। यदि आपके हाथों में हुनर है और दिमाग नया करने की सोच है तो रचनात्मकता व्यक्ति को दूर तक ले जाती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की छात्रा तन्नू जीवन में नया करना चाहती है और अपने कौशल के माध्यम से वूलन, कॉटन की डोर से मैट, टोकरी, ड्राई फ्रूट की ट्रे, हैंडबैग सहित अन्य वस्तुएं बड़े उत्साह के साथ बना रही है। उसके द्वारा बनाया गया सामान इतना आकर्षक और सुंदर है कि हरियाणा पैवेलियन में आने वाले पर्यटक उसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। ललित कला विभाग की छात्रा तन्नू ने बताया कि उसने हेतन हैंडलूम के नाम से अपना स्टार्टअप शुरू किया है और वह ऑनलाइन आर्डर पर तैयार किए गए सामान को बेच रही है। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में स्टाल लगाने पर उसे बड़ा अच्छा लग रहा है क्योंकि यहां खरीददार मिलने के साथ-साथ कला के कदरदान भी मिल रहे हैं।

## मकान बेचने का झांसा देकर हड़प लिए 12 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

### आरोपी दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

मकान बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से बयाने के रुप में 12 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। मामले में अभी पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शिवनगर कैंप निवासी प्रिंस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान खरीदना चाहता था। इस दौरान एक रिश्तेदार के माध्यम से उसकी सोनू व उसकी पत्नी मीनू से बात हो गई। उन्होंने उसे जोड़ियों स्थित अपना एक मकान दिखाया। उन्होंने उसे बताया कि वह आर्थिक तंगी के कारण इस मकान को बेचना चाहते हैं। उस समय मकान उसकी पसंद आ गया और उसने आरोपितों के साथ 62 लाख रुपये में सौदा तय कर लिया। 10 मई 2024 को मकान का इकरारनामा किया गया और उसने आरोपियों को बयाने के रुप में 12 लाख रुपये दे दिए। गत 13 जून को रजिस्ट्री की तारीख तय हुई। तय समय पर आरोपित रजिस्ट्री कराने नहीं पहुंचे। वह बार बार टालते रहे। शक होने पर अपने स्तर से पड़ताल की तो पता लगा कि आरोपित दंपती ने पहले भी इस मकान का सौदा किया जा चुका है। लेकिन रजिस्ट्री सोनीपत के मनदीप के नाम कर दी थी। जिससे इस मकान पर कोर्ट में केस चल रहा है। इसके साथ ही मकान पर बैंक से भी लोन है। जब आरोपितों से इस बारे में बात की और रुपये वापस मांगे तो उन्होंने मना कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी सोनू व उसकी पत्नी मीनू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति व बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

### पुलिस ने आरोपी टाटा पिकअप चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

जिले के भगवानपुर के नजदीक टाटा पिकअप की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार पत्नी की मौत हो गई और पति व बेटी गंभीर रुप से घायल हो गए।

राहगिरों ने घायलों को अस्पताल में भरती करवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी टाटा पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताहिक गांव फतेहपुर निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत बुधवार शाम को वह सरस्वती नगर से मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी नीलम(40) व बेटी नीशु के साथ वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में गांव भगवानपुर के नजदीक पीछे से आ रही टाटा पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह, पत्नी व बेटी सड़क पर जा गिरे। इस दौरान उसकी पत्नी नीलम के सिर में गहरी चोट लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई।

राहगिरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसकी पत्नी की गंभीर हालत देखते हुए उसे मुलाना के मेडिकल कालेज के लिए रैफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी पत्नी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। र का इस्तेमाल करना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे वाहन चालक की सुरक्षा सुनिश्चत हो सके। उन्होंने सभी को नशे दूरी बनाने की अपील की। नशा जीवन को बर्बाद करने में सबसे अधिक कारण माना जाता है। इसलिए नशे से दूर रहकर खेलो की ओर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पवन रोहिलाए विपिनए संत कुमारए निर्मलए राजेंद्रए दिनेश शर्माए सतीशए रूबीए मीनूए मीनाए रेखाए आयुषी आदि मौजूद रहे।

## कौशल से रोजगार तक, हरियाणा आजीविका मिशन ने रचा कीर्तिमान

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें युवा : पंवार

- आर्य पीजी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में उमड़े युवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हरियाणा आजीविका मिशन के तत्वावधान में स्थानीय आर्य पीजी कॉलेज में गुरुवार को आयोजित भव्य रोजगार मेला युवाओं के लिए नई संभावनाओं का मार्ग खोल गया। पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विभिन्न कंपनियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुकी है। मंत्री पंवार ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता के अनुसार प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध हो, ताकि वह आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। मंत्री पंवार ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना ना केवल युवाओं को कौशल प्रदान करती है, बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य के लिए उद्योगों से जोडऩे का सेतु भी बनती है। इस योजना के तहत प्रशिक्षण लेकर लाखों युवाओं ने देशभर में रोजगार प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार इस योजना को और सशक्त रूप में लागू कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कम पढ़े-लिखे युवा भी किसी न किसी आर्थिक गतिविधि से जुडक़र आत्मनिर्भर बन सकें। इधर, स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए मंत्री पंवार ने कहा, युवाओं का भविष्य सुरक्षित और मजबूत बनाना हमारा दायित्व है। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि कोई भी युवा रोजगार से वंचित न रहे।



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री कृष्ण पंवार के साथ चयनित विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए काम करेगा एमडीडी ऑफ इंडिया

**कुरुक्षेत्र।** भारत को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के दृढ़ निश्चय और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरे होने के मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया ने कुरुक्षेत्र से बाल विवाह के खात्मे के लिए शुरू हुए 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी सरकारी विभागों व एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय से काम करने का संकल्प दोहराया। एमडीडी ऑफ इंडिया कुरुक्षेत्र जिले में अर्से से बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहा है। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक साल पूरा होने के अवसर पर नई दिल्ली में इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान की शुरूआत की।

# रूस का वीजा लगवाने का झांसा देकर ठगे तीन लाख

- महिला की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

महिला ने उसके बेटे का रूस में स्थाई वीजा लगवाए जाने का झांसा देकर दो लोगों पर तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है। गांव नगला जगीर निवासी सुनीता देवी ने बताया कि उसका बेटा प्रिंस विदेश जाना चाहता था। इसके लिए गांव के ही जोनी से बात की। आरोपित ने बेटे का रूस का स्थाई वीजा लगवाने का आश्वासन दिया। इसके लिए आरोपित ने अपने साथी राकेश से भी मुलाकात कराई। आरोपितों की बातों में आकर उसने अलग अलग कर तीन लाख रुपये व बेटे के दस्तावेज दिए। गत 9 जून 2025 को बेटे का वीजा लगवाकर उसे रूस भिजवा दिया। वहां पर पता लगा कि बेटे प्रिंस का स्थाई वीजा नहीं लगा था। उसका ई वीजा लगा था। इस बारे में बेटे ने फोन कर सूचना दी। जिस पर आरोपितों से बात की। उन्होंने उस समय कुछ समय बाद प्रिंस का स्थाई वीजा लगवाए जाने का आश्वासन दिया। मगर वादे के मुताबिक आरोपियों ने उसके बेट प्रिंस का स्थाई वीजा नहीं लगवाया। उन्होंने आरोपियों से पैसे वापस दिए जाने की मांग को उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### फैक्टरी में कार्य करने के दौरान मजदूर का कटा हाथ

**यमुनानगर।** ग्रीन विहार कालोनी स्थित फैक्ट्री में प्रेस पर कार्य करने के दौरान एक मजदूर का हाथ कट गया। पुलिस ने फैक्टरी संचालक के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव अमादलपुर निवासी अब्दुल गफ्फार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बताया कि वह कई वर्षों से ग्रीन विहार स्थित इंजीनियरिंग वर्क्स में काम कर रहा है। बेटा अरमान भी यही फैक्ट्री में प्रेस पर कार्य करता है। प्रेस मशीन के नट बोल्ट ढीले हो गए थे। इस बारे में फैक्ट्री मालिक शहजाद व अयाज को भी बताया गया। लेकिन मालिक ने ध्यान नहीं दिया।

### हेरिटेज स्कूल ने छह स्वर्ण समेत जीते नौ मेडल

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने सांसद खेल महोत्सव कें अंतर्गत आयोजित जुडो प्रतियोगिता में 9 मेडल जीत विद्यालय का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के वीरवार को स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया है। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जुडो प्रतियोगिता में 9 खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### खाद्य आपूर्ति विभाग ने कई दुकानों पर की छापेमारी

**रादौर।** खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने रादौर में कई दुकानों पर छापेमारी कर वहां पर प्रयोग किए जा रहे घरेलू व कमर्शियल सिलेंडरों की जांच की। इस दौरान कई दुकानों पर घरेलू सिलेंडर प्रयोग किए जाने को लेकर कार्रवाई की गई। मौके पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों को घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। खादय आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर सोनू राम, इंस्पेक्टर राहुल कुमार व सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार की टीम ने रादौर की दर्जनों दुकानों पर छापामारी की।

### रस्साकसी में स्टार वे स्कूल की लड़कियों रही द्वितीय

**यमुनानगर।** स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी (यमुनानगर) की लड़कियों की टीम ने रादौर में आयोजित विधानसभा स्तरीय रस्साकसी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विजेता टीम के स्कूल में पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधक समिति की चेयरमैन स्नेहलता कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज समेत स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है।

### शिविर में की 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

**यमुनानगर।** जनकल्याण सेवा मंडल के तत्वावधान में वीरवार को हमीदा में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं मंडल के संयोजक विरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित करके किया। शिविर में डॉ. सुरेंद्र व डॉ. विवेक ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान मंडल की ओर से मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

# समाधान शिविरों में शीघ्रता से मिल रहा समस्याओं का समाधानः गुप्ता

- वीरवार को जिला सचिवालय में आयोजित हुआ जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर
- नगराधीश पीयूष गुप्ता ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला सचिवालय में वीरवार को जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में आई शिकायतों का निपटान किया गया। इस दौरान शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका सममाधान किया।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि वीरवार को समाधान शिविर में आई शिकायतों में आमवाला निवासी सतीश कुमार ने पंचायत रास्ते पर नाजायज कब्जा करने बारे, दुर्गा गार्डन निवासी किरण ने बिजली का कनेक्शन न मिलने बारे समेत नागरिकों ने अन्य समस्याएं रखी। जिनका मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा।



यमुनानगर। जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता।

### जिला व उपमंडलस्तर पर हो रहे शिविर आयोजित

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्धेश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है।

## जिला सचिवालय में नशा मुक्ति मुहिम, सही राह के तहत अभियान से जुड़े सदस्यों की बैठक हुई

# नियमित दवाई खाने व निगरानी से छूट सकती है नशे की लतः गोयल

*पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साढ़ौरा के तेरह वार्डों में कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी नशा पीड़ितों को तलाश रही है*

- जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की बैठक की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला में चलाए जा रहे नशा मुक्ति मुहिम सही राह के तहत लघु सचिवालय में अभियान से जुड़े सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने की। बैठक में नशा पीड़ितों को भी बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बैठक में बुलाए गए पीड़ितों से बातचीत की। इसके बाद उन्हें जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया गया। मौके पर नशा पीड़ितों को समझाया गया कि नशा छोड़ने के लिए आत्मविश्वास का होना बेहद जरुरी है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयलने बताया कि साढ़ौरा के तेरह वार्डों में कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी नशा पीड़ितों को तलाश रही है। उनका इलाज करा रही है। इसी तरह से यदि कोई नशा बेचता है तो उस पर भी कमेटी निगरानी रखती है। पुलिस को सूचना दे रही है। इसी तरह का प्रयास सभी करें। नशा पीड़ितों को घृणा की नजर न देखें। उन्होंने नागरिकों को आहवान किया कि यदि उनके आसपास कोई नशा पीड़ति है तो उसे समझाएं और इलाज के लिए अस्पताल में बने नशा मुक्ति केंद्र में भिजवाएं। जहां पर चिक्तिसक उनकी जांच करेंगे। नियमित दवाई खाने व निगरानी से नशे की लत छूट सकती है। काफी लोगों ने नशा छोड़ा है।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में नशा मूक्ति को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

### बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सुनी नशा पीड़ितों की समस्याएं, इलाज में हर संभव मदद का आश्वासन

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बैठक में पहुंचे 12 नशा पीड़ितों से उन द्वारा किए जा रहे नशा करने का कारण पूछा गया। जिसमें नशा के रोगी एक व्यक्ति ने बताया कि उसके माता पिता की मौत होने के बाद उसके घर पर दोस्त आने लगे। जिससे वह नशे की लत का शिकार हो गया। इसी तरह से एक युवक अपनी मां के साथ पहुंचा हुआ था। वह एक वर्ष से नशा कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी इलाज में कोई परेशानी नहीं आएगी। इसके लिए अस्पताल में भी बात की जाएगी। नशा पीड़ितों के साथियों को भी इलाज कराने के लिए अस्पताल में लेकर आएं। और सभी की समस्या के समाधान पर भी चर्चा की गई। बैठक में एडिशनल एसपी अमरिंद्र सिंह, अधिवक्ता सुशील आर्य, निरीक्षक अनंत राम, नरेश बक्शी, मनजीत व शीतल पांडे आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। अग्रसेन नगर जगाधरी में गली निर्माण का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

# जनहित के लिए हर वार्ड में कराए जा रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्यः बहमनी

- निगम यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी ने शहर के अग्रसेन नगर में 10 लाख की लागत से बनने वाली गली का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के अग्रसेन नगर में वीरवार को नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने दस लाख रुपये की लागत से बनने वाली गली का शिलान्यास किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने नगर निगम मेयर का फूलों की मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को गली निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समयाविधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं और करोड़ों रुपये के विकास शुरू किए हुए हैं। हमारा उद्देश्य निगम क्षेत्र की हर नियमित कॉलोनी की प्रत्येक कच्ची व क्षतिग्रस्त गलियों का निर्माण कराना, उनमें पानी निकासी का इंतजाम कराकर हर व्यक्ति की राह को सुगम बनाना है। निगम क्षेत्र में जनहित में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

### सरकार विकास के कर रही कार्य

जो भी समस्या उनके समक्ष आती है। उसका समाधान प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करवा रही है। सभी कॉलोनियों में पक्की गलियों व नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। सभी न्यू अप्रूव्ड कॉलोनियों में पक्की गलियांए नालियां बनाने व अन्य विकास कार्य कराए जा रहे है। शहर में पानी निकासी को नालियां, पक्की सड़कें, पक्की गलियों, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, भूमिगत पाइप लाइन, सुंदर पार्क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केंद्र, धर्मशाला व अन्य विकास कार्य करवाएं गए हैं। जल्द ही वार्ड के बाकी कार्यों का भी निर्माण शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए हैं। वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें। विकास कार्यों में कहीं भी गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के कार्य हो रहे हैं।

# बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर दें विशेष ध्यानः रविंद्र

- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन
- मुख्यवक्ता के रुप में सेफ सिटी टीम के इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार व एएसआई नीलम रानी ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिला पुलिस प्रशासन की सेफ सिटी टीम के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी में विद्यार्थियों के लिए लीगल अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसीपल इंदिरा देवी ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में पुलिस प्रशासन की ओर से इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार व एएसआई नीलम रानी ने भाग लिया।





यमुनानगर। चमरोड़ी स्थित पीएम श्री राजकीय स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरुक करते मुख्य वक्ता।

### बच्चे मोबाइल का कर रहे अधिक उपयोग

मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बच्चों को लीगल अवेयरनेस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे आजकल मोबाइल का अधिक इस्तेमाल करने लगे हैं। जिससे बच्चों को मोबाइल की लत लग रही है। बच्चों व बड़ों को मोबाइल का सही इस्तेमाल करना चाहिए। अभिभावकों को मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले बच्चों के ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं, दूसरी मुख्य वक्ता एएसआई नीलम रानी ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी को वाहन इस्तेमाल करते समय इंडिगेटर का इस्तेमाल करना चाहिए। बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे वाहन चालक की सुरक्षा सुनिश्चत हो सके। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नशा जैसी बुराई से दूरी बनाने की अपील की। एएसआई नीलम ने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करने में सबसे अधिक कारण माना जाता है। इसलिए नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए।

# वीर के त्याग, समर्पण व अनुशासन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिएः ग्रोवर

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में मनाया गया भारतीय नौसेना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में वीरवार को भारतीय नौसेना दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद ग्रोवर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य विनोद ग्रोवर ने बताया कि भारतीय नौसेना देश की शक्ति, स्वाभिमान और सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने बताया कि नैसेना हमारे देश का अहम हिस्सा है और इसी प्रमुखकता को देखते हुए विद्यालय में स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना के इतिहास, शौर्य, त्याग और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के प्रति उनके योगदान को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सलोनी व कुछ विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना की स्थापना, महत्व एवं राष्ट्र की सुरक्षा में उसकी भूमिका पर जानकारीपूर्ण व प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा 7 के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रभावशाली एक्ट प्रस्तुत किया गया।





यमुनानगर। मुकंदलाल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

# सोलर लाइटें बंद होने से लोग परेशान

- रादौर के त्रिवेणी चौक से जठलाना मार्ग पर करीब सात महीने से बंद पड़ी हैं सोलर लाइटें
- रादौरवासियों ने संबंधित विभाग से की सोलर लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के त्रिवेणी चौक से जठलाना रोड तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से लाखों रूपये खर्च कर सड़क किनारे लगाई लगी सोलर लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी होने से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग व प्रशासन से मार्ग पर बंद पड़ी सोलर लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के समाजसेवी सतीश चौधरी, दीपक मेहता, संदीप कुमार सचदेवा, सुरेंद्र व सुमित सैनी आदि ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कुछ महीने पहले रादौर के त्रिवेणी चौक से जठलाना रोड तक लाखों रूपये की लागत से पोलों के ऊपर सोलर लाइटें लगाई गई थी।

जो कुछ महीने तक सुचारू रुप से जलती रही। लेकिन गत मई माह में ऑपरेशन सिंदूर के समय इन लाइटों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद करवा दिया गया था। करीब सात महीने बीत जाने के बावजूद आज तक सोलर लाइटों को दोबारा से चालु नहीं करवाया गया। जिस कारण रादौर के त्रिवेणी चौक से जठलाना सड़क मार्ग पर रात के समय महीनों से अंधेरा छाया हुआ है। शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे सरकार के लाखों रूपये की अनुदान राशि से खरीदी गई सोलर लाइटे मात्र शोपीस बनकर रह गई हैं।

## गिरते लिंगानुपात को लेकर गांव हिरण छप्पर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

# बेटियों को बोझ नहीं समझने वाली सोच समाज को बदलनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंटावा के अधीनस्थ गांव हिरण छप्पर में वीरवार को गिरते लिंगानुपात को सुधारने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में एसएमओ डा. विजय परमार ने भाग लिया। उन्होंने गिरते लिंगानुपात को लेकर ग्रामीणों के साथ चर्चा की।

मुख्यातिथि एवं एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि वर्ष 2024 में गांव में 8 लडकों की तुलना में केवल 6 लडकियां पैदा हुई। परन्तु वर्तमान समय वर्ष 2025 में गांव हिरण छप्पर का लिंग अनुपात निरंतर गिरता जा रहा है जो कि अब 10 लडकों की तुलना में केवल 2 लडकियां ही पैदा हुई है।



यमुनानगर। हिरणछप्पर में आयोजित बैठक में शपथ ग्रहण करते ग्रामीण। 1

बैठक के माध्यम से क्षेत्र के सभी सरपंचो से जनहित में अपील की गई है कि गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करवाने के खिलाफ आवाज उठाएं। ताकि गर्भ में पल रही किसी भी बच्ची की हत्या ना हो। उन्होंने समाज को जागरूक करते हुये बताया कि समाज या व्यक्ति का ध्यान बच्चे के लिंग की बजाय एक स्वस्थ बच्चे के जन्म पर होना चाहिये।

उन्होंने गिरते लिंगानुपात से समाज ओर परिवार का क्या असर पडता है इसके बारे में बताया। गिरते लिंगानुपात का प्रभाव केवल आँकडों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर समाज ओर परिवार दोनों पर गहराई से पडता है। जैसे कि शादी के लिये लडकियों की कमी, महिलाओं पर बढ़ता दबाव, असमानता, मानव तस्करी अपराधों में इजाफा, सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव इत्यादि। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। भ्रूण लिंग परीक्षण व इससे जुड़े अपराधों पर सरकार सख्त है। उन्होंने बताया कि समाज में परिवारों को बेटियों को बोझ नहीं, बल्कि अवसर समझने की सोच विकसित करनी होगी। सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन इन पर ओर ज्यादा काम करने की जरूरत है। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने-अपने क्षेत्र में कोई भी गैर कानूनी गतिविधि जैसे लिंग जांच इत्यादि पर कड़ी नजर रखेगें। यदि इस प्रकार की कोई गतिविधि उनकी नजर में आती है तो वह इसे पकड़ने की कोशिश करेंगे। ताकि समाज में गिरते लिंगानुपात को रोका जा सके। मौके पर ग्रामीणों को लिंगानुपात सुधारने की शपथ भी दिलाई गई।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच जोनी कुमार, डा.नेहा. सीएचओ पूजा, एएनएम बलजीतो आशा वर्कर ऑगनवाडी हैल्पर आदि मौजूद रही।

## खबर संक्षेप



### बाढ़ पीड़ित महिलाओं को गरम कपड़े व कंबल बांटे

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा रोटरी को पायलट की ओर से डीजी पार्टनर शालिनी प्रकाश के सानिध्य में मानव सेवा को समर्पित स्नेह की चादर नामक मुहिम की शुरूआत की गई है। रोटरी क्लब की सदस्य डॉ. दीपिका अरोड़ा और कृतिका बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे संकट की घड़ी में रोटरी क्लब पिहोवा की सभी महिला सदस्यों ने एकजुट होकर पंजाब की पीड़ित महिलाओं के लिए गर्म कपड़े, शॉल, चादरें और कंबल वितरित किए हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीकिता भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 दिसंबर 2025 को न्यायिक परिसर में चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है। सीजेएम नीकिता भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर में चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।

### आयुष विवि में बीएमडी जांच शिविर आज

**थानेसर।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में आज शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञों की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 5 दिसंबर को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में हड्डी खनिज घनत्व जांच शिविर लगाया जाएगा।

### श्रीराम कुष्ठ आश्रम में दिया जरूरत का सामान

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके भारत ट्रस्ट लगातार सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता रहता है। इसी कड़ी में कुष्ट आश्रम में कार्यक्रम किया गया। वहां रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें डाबर बॉर्नवीटा, टूथपेस्ट, टूथब्रश, शैम्पू, नारियल तेल आदि समान दिया गया। उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके भारत के बारे में बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है ।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : शीत लहरों के बीच सूरज की किरणों ने बिखेरा अपनी सौन्दर्यता का रंग

# विदेशों तक सुनाई दे रही कलाकारों की लोक कला की गूंज

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी अदभुत और अनोखी कला से लोगों को आकर्षित करने का काम कर रहे है। वहीं इन शीत लहरों के बीच सूरज की किरणें भी ब्रह्मसरोवर पर अपनी सौन्दर्यता का रंग बिखेर रही है। जिन्हें देखकर महोत्सव में आने वाले सभी पर्यटक सरोवर के तटों पर अपने-अपने कैमरों में इस अनोखी फिजा को कैद करते नजर आ रहे है। इन लोक कलाकारों की लोक कला की गूंज प्रदेश ही नहीं विदेशों तक सुनाई दे रही है। ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से विदेशी भी इस अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पल-पल का आनंद ले रहे है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के 20वें दिन वीरवार को ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर हजारों की संख्या में पहुंचे पर्यटक जहां शिल्पकारों की हस्तशिल्प कला को देखकर हैरान है, वहीं पर्यटक इन हस्तशिल्प कला से बनी अद्भुत वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हस्त शिल्पकला और लोक कलाकारों की लोक कला ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इन शिल्पकारों ने महोत्सव में एक अलग ही रंग भरने का काम किया है यही नहीं महोत्सव में आया हुआ प्रत्येक पर्यटक इस हस्त शिल्पकला के आगे नतमस्तक हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के शिल्प और सरस मेले का 20वां दिन है और रोजाना पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ब्रह्मसरोवर के घाटों पर उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र की तरफ से बेहतरीन कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। इन प्रस्तुतियों में किसी घाट पर पंजाबी संस्कृति, कहीं पर हरियाणवीं और कहीं पर हिमाचल तो कहीं पर राजस्थान की लोक संस्कृति को देखने का अवसर मिल रहा है। इस लोक संस्कृति का आनंद लेने के साथ-साथ लोग ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ एनजेडसीसी और डीआरडीए की तरफ से लगे सरस और शिल्प मेले में अनोखी शिल्पकला को भी खूब निहार रहे है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



### बीआर स्कूल के विद्यार्थी छाए

*कुरुक्षेत्र। बीआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं ने गीता-जयंती महोत्सव के चलते विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सर्वाधिक पुरस्कार जीत कर अपने विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया। शास्त्रीय नृत्य में प्रथम, सुंदर हस्तलेखन में जूनियर वर्ग में कक्षा छटी की छात्रा प्रकृति, सीनियर वर्ग में कक्षा आठवीं की छात्रा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोट डैकोरेशन में कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका एवं कक्षा आठवीं के छात्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्ड मेकिंग में जोया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने विजेता छात्र/छात्राओं को अपना शुभाशीष दिया। प्राचार्या पूजा कंबोज ने उक्त छात्रों को भविष्य में और श्रेष्ठ परिणाम लाने को प्रेरित किया।*



### राजस्थान का देसी खान-पान बढ़ा रहा जीभ का स्वाद

*कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में हो रहे ब्रह्मसरोवर के तट पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राजा महाराजाओं की भूमि राजस्थान की संस्कृति की झलक देखी जा रही है। गीता महोत्सव में लोग राजस्थान की दाल बाटी, चूरमा ओर राजस्थान की राज कचोरी, केसरिया दूध आदि स्वादिष्ट पकवानों का स्वाद चखने महोत्सव में दूर दूर से आ रहे है। इसके अलावा राजस्थान का लोक नृत्य कच्ची घोड़ी लोगों में अलग ही उत्साह उत्पन्न कर रहा है। पर्यटक कलाकारों के साथ झूम रहे है तथा उनकी कला के बारे में जानने के लिए उत्सुक है।*

# भारतीय योग संस्थान ने ब्रह्मसरोवर पर निकाली योग जन जागरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा ब्रह्म सरोवर के पावन तट पर एक योग जन जागरण यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ब्रह्म सरोवर के दक्षिण पश्चिमी कोने पर स्थित संस्थान के स्टॉल नंबर 583 से आरंभ हुई और ब्रह्म सरोवर की परिक्रमा पर चलती रही। सेक्टर 2 स्थित कला रागिनी ट्रस्ट के विद्यार्थियों और स्टाफ ने भी ट्रस्ट की संस्थापक रजनी मंधाडिया के मार्गदर्शन में इस योग जन जागरण यात्रा में पूरी निष्ठा एवं उत्साह से भाग लिया। संस्थान के साधकों और ट्रस्ट के विद्यार्थियों द्वारा पर्यटकों को योग के प्रति जागरूक करने हेतु कई प्रकार के नारे लगाए । उल्लेखनीय है कि 15 नवंबर से भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई द्वारा ब्रह्म सरोवर पर आने वाले पर्यटकों विशेष कर युवाओं, महिलाओं व बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्टॉल नंबर 583 लगाया गया है जहां पर स्थानीय एवं बाहर के जिलों से आए निपुण योग शिक्षकों द्वारा आमजन की योग संबंधी समस्याओं का निवारण व जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। इस योग जन जागरण यात्रा में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओम प्रकाश, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान मनीराम सैनी व सुमन तोमर उप प्रधान सेवा सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रेनू जैन तथा सुशीला आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर पर योग जन जागरण यात्रा निकालते भारतीय योग संस्थान के साधक गण। फोटो : हरिभूमि

### संस्थाए पर्यटकों को महान विभूतियों के सुविचारों से करवा रही रूबरू



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं द्वारा धार्मिक कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा के साथ किए जा रहे है, वहीं इन धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से महान संतों के विचारों, आदर्शों व उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार के कार्यों के बारे में महोत्सव में आने वाले युवाओं को जानकारी दी जा रही है ताकि युवा पीढ़ी उनका अनुसरण कर सके। ब्रह्मसरोवर के उत्तर-पश्चिम तट पर लगे विभिन्न स्टालों पर विभिन्न महान संतों की मूर्तियों एवं पुस्तकों को पर्यटकों द्वारा पढ़ने के लिए खरीदा जा रहा है। वहीं इन स्टाल्स पर विद्वान व्यक्तियों द्वारा महात्मा बुद्ध, महर्षि वाल्मीकि, गुरु रविदास, कबीरदास, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महान संतों के जीवन परिचय के बारे जानकारी दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के इस महान पर्व के आयोजन पर ब्रह्मसरोवर के तट पर अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की प्रदर्शनी के माध्यम से महान संतों द्वारा दी गई शिक्षा व संदेश पूरी दुनिया में पहुंच रहा है।

# रैली निकालकर एड्स के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- सतलुज स्कूल में रोटरी क्लब के सहयोग से कार्यक्रम

सतलुज स्कूल में रोटरी क्लब के सहयोग से एड्स जागरूकता रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा आम लोगों में एचआईवी/एड्स, बाल सुरक्षा कानून, ट्रांसजेंडर अधिकारों तथा अन्य कल्याणकारी प्रावधानों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। रैली को स्कूल के प्राचार्य तथा रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स जैसी बीमारियों से बचाव ही एकमात्र सुरक्षा है।लगभग 180 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन, पोस्टर और तख्तियों के माध्यम से लोगों को एड्स और इससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों ने एड्स से डरना नहीं, समझदारी से लड़ना है, ह्लसुरक्षा अपनाओ—एड्स भगाओ और स्वच्छता और सुरक्षा जीवन के लिए जरूरी जैसे नारे लगाकर माहौल को जागरूकता से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया।



# लड़का-लड़की होंगे एक समान तभी बनेगा देश महान

- जनसंख्या में घटते लैंगिक अनुपात के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण कांत की अध्यक्षता में जनसंख्या में घटते लैंगिक अनुपात के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉक्टर कृष्णकांत ने कहा कि जब लड़का और लड़की एक समान बनेंगे तब ही यह देश महान बन सकता है। यह बैठक वर्तमान आंकड़ों के संदर्भ में आयोजित की गई, जिसमें लाडवा का ग्रामीण एवं शहरी औसत लैंगिक अनुपात 926 दर्ज किया गया है। बैठक में सभी स्वास्थ्य कर्मियों, एएनएम, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं, एनजीओ प्रतिनिधियों एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में लड़की और लड़के के जन्म में असमानता को कम करना तथा लोगों में जागरूकता फैलाना था।



लाडवा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में बैठक लेते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत व उपस्थित स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### कार्यकर्ताओं को निगरानी के निर्देश

डॉ. कृष्ण कांत ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि लैंगिक अनुपात समाज के संतुलन का महत्वपूर्ण संकेतक है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखें और गैर-कानूनी मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी व भ्रूण लिंग निर्धारण जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तुरंत उचित स्तर पर रिपोर्ट करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एएनएम और आशा वर्कर्स को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवारों के साथ संवाद स्थापित करें और उन्हें बेटी-बचाओ-बेटी-पढ़ाओ अभियान के महत्व के बारे में जागरूक करें।



### इंटेलिटॉट्स प्री स्कूल के बच्चों ने किया पिपली चिड़ियाघर का भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर फर्स्टक्राय इंटेलिटॉट्स प्री-स्कूल, ज्योति नगर, कुरुक्षेत्र के नन्हे-मुन्नों ने पिपली चिड़ियाघर का शैक्षिक एवं आनंददायक भ्रमण किया, जिसने इस दिन को रोमांच, सीख और खुशियों का सुंदर संगम बना दिया। चमकती आँखों और जिज्ञासा से भरे मन के साथ बच्चों ने चिड़ियाघर में विभिन्न पशु-पक्षियों को देखा—हर पिंजरे ने उनके लिए एक नई उत्सुकता और आनंद लेकर आया। शिक्षकों ने बच्चों को प्रेमपूर्वक वन्यजीवों, संरक्षण और प्रकृति की सुरक्षा से जुड़े सरल लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य बताए। इस अनुभव ने नन्हे बच्चों को कक्षा में सीखी बातों को वास्तविक दुनिया से जोड़ने में मदद की और सीख को दिल छूने वाला बनाया। यह भ्रमण न केवल शैक्षिक रहा, बल्कि हँसी, आश्चर्य और अविस्मरणीय पलों से भरपूर भी रहा। बच्चे खुश मन और प्रकृति के प्रति गहरी समझ के साथ विद्यालय लौटे। विद्यालय संचालिका स्वीटी कौशिक ने सभी अभिभावकों का हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने अपने सहयोग, विश्वास और निरंतर समर्थन से इस शैक्षिक यात्रा को बच्चों के लिए खास और सफल बनाया।

# शॉर्टकट कभी स्थाई सफलता नहीं देता: धीमान

### श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद ही हमारी वास्तविक पहचान है। यदि आयुर्वेद को सही अर्थों में आत्मसात करना है तो सभी संहिताओं का गहन अध्ययन अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जब आयुर्वेद का सार समझ आ जाए तो अपने नाम के आगे डॉक्टर की जगह वैद्य लिखना शुरू कर दें, क्योंकि अध्ययन से ही स्थाई ज्ञान, यश और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। कुलपति दीक्षारम्भ कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि इस इंडक्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय और संस्थान के प्रति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की व्यापक जानकारी दी गई है। उन्होने कहा कि एक अच्छा संस्थान इमारतों से नहीं, बल्कि वहां के विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी मिलकर बनाते हैं। कुलपति ने विद्यार्थियों को मेहनत और संघर्ष को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी और कहा कि शॉर्टकट कभी भी स्थाई सफलता नहीं देता। प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने कहा कि विद्यार्थी जितना अनुशासन, नियमितता और लगन से सीखेंगे, उतना ही वे भविष्य में श्रेष्ठ वैद्य बनकर समाज की सेवा कर सकेंगे। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. जितेश कुमार पंडा, प्रॉक्टर प्रो. सतीश वत्स, प्रो. सीमा रानी, प्रो. रणधीर सिंह, प्रो. सचिन शर्मा, प्रो. रवि राज, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. कृष्ण कुमार, डॉ. अनामिका, डॉ. नेहा लांबा, डॉ. आशीष नांदल, डॉ. एसके गोदारा, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. मनीषा खत्री, डॉ. लवीना, डॉ. प्रेरणा शर्मा, डॉ. सीमा वर्मा, डॉ. जोरावर सिंह सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।





### स्नेह संबंध साहित्यिक सेवा मंच ने सांस्कृतिक उत्सव का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** स्नेह संबंध साहित्यिक सेवा मंच द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन श्रीकृष्ण संग्रहालय में केडीबी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं कृषा, शिवानी, अगम तथा जयंत ने आकर्षक कत्थक नृत्य एवं विधिका ने हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपेंद्र सिंघल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जय भगवान सिंगला, संस्थापक ह्र प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र ने अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त विशेष अतिथि के रूप में डॉ राजेंद्र कुमार प्रिंसिपल सीकरी एवं हरिकेश पपोसा मौजूद रहे। समारोह दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता टीकमगढ़ से पधारे दुष्यंत कैलाश द्विवेदी ने की, जबकि द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. सी.डी.एस. कौशल, डायरेक्टर हरियाणा साहित्य अकादमी (संस्कृत प्रकोष्ठ) ने की। कार्यक्रम में पूनम शर्मा जींद, नरेश कौशिक, मनोज कुमार कुरुक्षेत्र, गणेश दत्त पंचकूला, रजनी पाठक, संतोष गर्ग, कृष्णा गोयल, सुदेश मोदगिल, सीमा शर्मा हिसार, सुरेश कलाकार भिवानी, डॉ. ममता सूद, डॉ. सुभाष पार्थ, सूबे सिंह सुजान, डॉ. संजीव अंजुम, सतीश गर्ग, संजय मित्तल, अरुण पाराशर आदि शामिल रहे।

# जनता और कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं रणदीप सुरजेवाला: बवेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला राज्य सभा सदस्य, राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता की श्रृंखला में रहते हुए कांग्रेस पार्टी के हित में हमेशा काम करते आ रहे हैं और जनता के बीच रहकर उनकी आवाज बुलंद करते रहते हैं। आज भी मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया है। मोदी सरकार संचार साथी ऐप के जरिए आम नागरिक की जासूसी करवाना चाहती है उसका पुरजोर विरोध किया है। सुरजेवाला ने संचार साथी ऐप को देश के हर स्मार्टफोन यूजर की निजता पर सीधा हमला करार दिया है। सुरजेवाला का कहना है कि यह नागरिकों की निजता का हनन है, अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है और लोकतंत्र को कुचलने की सबसे खतरनाक साजिश है। इसीलिए हमारा भी दायित्व बनता हैं कि हम उनका साथ दे और अपनी जिम्मेदारी को समझें। बवेजा ने कहा कि राहुल गांधी लीडर ऑफ अपोजिशन निरंतर काम कर रहे हैं और मोदी सरकार के असंगत मंसूबों को नाकाम कर रहे हैं। राहुल गांधी अपने प्राण न्यौछावर कर देंगे पर भारत के सविंधान को खत्म नहीं होने देंगे। जनसमुदाय हमेशा उनके साथ है। उनके साथ रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सेलजा और प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा राव नरेंद्र जैसे योद्धा भी साथ साथ हैं। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है।



मधुसूदन बवेजा।

## खेल

### किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

# खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम ही नहीं बल्कि नेतृत्व क्षमता को भी प्रबल बनाते : राजेंद्र

प्रथम दिन 100 मीटर दौड़, सैक रेस, लेमन एंड स्पून रेस, थ्री लेग रेस, हर्डल रेस आदि खेलों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय सीपीआर कोच डॉ. राजेंद्र सैनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश चौहान ,एनआईएस वॉलीबॉल, वरिंदर रावत, विशंभर मार्शल आर्ट स्पेशल ग्रुप, अरविंद कुमार मैनेजिंग मेंबर, बाल शिक्षा समिति सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक परमिंदर बठ, डायरेक्टर चेष्टा सलूजा एवं प्रधानाचार्या सुनीता अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष रूप से प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत रंगारंग मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। इसके साथ ही हाउस कैप्टनों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। टॉर्च लाइट सेरेमनी के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलन कर खेलकूद प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र सैनी ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता को भी प्रबल बनाते हैं। पहले दिन विद्यार्थियों ने 100 मीटर दौड़, सैक रेस, लेमन एंड स्पून रेस, थ्री लेग रेस, हर्डल रेस, बैलून बर्स्ट तथा हुला-हूप जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कुरुक्षेत्र। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

पहले दिन आयोजित हुई इन खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में कक्षा 1 के विहान, देवांश, युवान, जितार्थ, आर्य, चैतन्य, सार्थक, आयांश, रियांश सैनी, श्रेयांश कक्षा 2 के हरिराज, निशांत, ऋषव, अमरेन्द्र, समर्थ, प्रभनूर, विहान, आयान, तेजवीर, अरमान, लवित, जयंत, गुरसीरत, नित्या, काव्या, पारुषी, तुषिता, रूपांशी, तन्वी, वेदिका, ध्रुवी कक्षा 3 के जस्मीत, केहान, दिशान, श्रेया, वाणी, समर्थ, गर्व, कनिका, अंश, जसनूर, यतिन, भुवेश, मानविक, महक, अंशिका, अरशनूर ने भाग लिया। इसी प्रकार आयोजित अन्य प्रतियोगिताओ में कक्षा 3 से सैक रेस में प्रथम स्थान पर केहान, जस्मीत, दिशान रहे। द्वितीय स्थान पर भुवेश, हरेन, यतिन रहे। तृतीय स्थान पर भव्यांश, एलेन, हिमांशु रहे। इसी प्रकार लेमन एंड स्पून रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर श्रेया रही। द्वितीय स्थान पर जसनूर, आराध्या रहे। तृतीय स्थान महक ने हासिल किया। कक्षा 1 की प्रतियोगिताओं में थ्री लेग रेस में प्रथम स्थान पर चैतन्य, देवांश, देवांशी, दक्षिता रहे। द्वितीय स्थान पर जितार्थ, रियांश सैनी, अद्विक, हेत्विक रहे तृतीय स्थान पर आर्यन, सिद्धार्थ, आयांश, तनिश रहे। इसी प्रकार हर्डल रेस में प्रथम स्थान पर युवान, रियान कुमार, कुश रहे। द्वितीय स्थान पर सार्थक, वेदांत, अर्लिन रहे। तृतीय स्थान पर चैतन्य, समर्थ, लक्ष्मी, दक्षिता रहे।

## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल तस्करी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र गांव दिनारपुर से नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी गुरमेज को 128 नशीले कैप्सूल्ज सहित गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 128 नशीले कैप्सूल बरामद किए।

### नशा तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर मे दर्ज नशा तस्करी मामले में एएनसी ने आरोपी महिला को 14 ग्राम 70 मिलिग्राम हेरोइन मामले में गिरफ्तार किया है। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अश्विनी ने दौराने पूछताछ बतलाया था कि आरोपी महिला भी इस मामलें में संलिप्त है। 1 दिसंबर 2025 को एएनसी के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरांत एएनसी ने रॉयल पैलेस के पास नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार आरोपी अश्विनी को काबू किया था।

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नारायणगढ़ में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ आरोपी कुशवीन को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र ने बताया कि आरोपी कुशवीन भी इस में शामिल है। 1 दिसंबर 2025 को सीआईए-नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को बस स्टैंड गांव डेरा के पास मादक पदार्थ सहित काबू किया था। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 12 ग्राम 12 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की थी

### धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज नौकरी लगवाने की धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने आरोपी प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी पंकज ने दौराने पूछताछ बतलाया था कि प्रीतम सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। ढकौला के मलकीत सिंह ने 1 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 दिसंबर 2021 से 22 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपी पंकज व अन्य ने नौकरी लगवाने के मामले में उससे एक बडी रकम हडपने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि आमजन कि समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी रूप से समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की जन-हितैषी और नवाचारी पहल है।

### लोक अदालत का आयोजन 13 को

**अंबाला।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में खेल सुविधाओं का भी लिया जायजा

# अधर में लटके वीएलडीए कॉलेज का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पशुपालन एवं खेल विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने वीरवार को गांव लखनौर साहिब में बनाए जा रहे वीएलडीए कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कॉलेज चालू करने के निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द इसकी सुविधा मिल सके। इससे पहले यहां पहुंचने पर एसडीएम दर्शन कुमार, पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. अनिल बनवाल, चीफ पवन कुमार, अधीक्षक अभियंता हरपाल व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र उगाड़ा भी मौजूद रहे। पशुपालन एवं खेल विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने यहां पर बनाए जा रहे वीएलडीए कॉलेज के साथ-साथ अन्य नवनिर्मित ब्लॉकों का भी जायजा लिया। विभागीय अधिकारियों से इन सभी कार्यों में तेजी लाई जा सके उस बारे चर्चा करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि बेहतर समन्वय के साथ कॉलेज को चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक चरण वीएलडीए अस्पताल, क्लीनिक, मोर्चरी, एडमिस्ट्रेटिव ब्लॉक व अकादमी के कार्य को शुरू करें। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को शुरू करने से पहले भवनों की सेफ्टी के मापदंड भी चेक होने चाहिए। लुवास से आए डॉ. पवन कुमार ने आयुक्त एवं सचिव से आग्रह किया कि यहां पर प्राथमिक चरण में वीएलडीए क्लीनिक, एडमिस्ट्रेटिव ब्लॉक व मोर्चरी का काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य में तेजी लाएं।

■ अधिकारियों को कॉलेज चालू करने के निर्देश दिए ताकि जल्द इसकी सुविधा मिल सके।



अंबाला। वीएलडीए कॉलेज में भवनों को जांचते आयुक्त सचिव विजय दहिया। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौके पर मौजूद

अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह ने बताया कि यहां पर भवनों में फिनिशिंग व अन्य कार्यों को करवाकर इसकी शुरूआत की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर वीएलडी कॉलेज के तहत चार दीवारी का कार्य हुआ है। इसके उपरांत आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम अंबाला छावनी में फुटबाल स्टेडियम का भी अवलोकन किया। यहां पर अधिकारियों से फुटबाल स्टेडियम के कार्यों की प्रगति बारे जानकारी ली। इसके साथ-साथ उन्होंने खिलाड़ियों के लिए की जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने जिम्नास्टिक हाल तथा आल वेदर स्वीमिंग पुल का भी अवलोकन किया। इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, उप निदेशक खेल विभाग कविता रानी, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता नवीन राठी, पशुपालन विभाग से एसडीओ डॉ. संजय, डॉ. संदीप गुप्ता, कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक, कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### रक्षा संपदा विभाग ने लगाई मुहर

# तोपखाना परेड में 20 बेड के अस्पताल का होगा निर्माण

■ लोगों की सुविधा के लिए साधारण और एयर कंडीशन सामुदायिक केंद्र भी बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तोपखाना परेड में 20 बेड का अस्पताल बनेगा। इसके साथ ही साधारण और एक वातानुकूलित सामुदायिक केंद्र का भी निर्माण किया जाएगा। कैंटोनमेंट बोर्ड की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर रक्षा संपदा विभाग ने मुहर लगा दी है, अब जल्द सीपीडब्ल्यूडी (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) उक्त तीनों सुविधाओं का स्वरूप और खाका तैयार करेगा। इस काम में कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों की मदद ली जाएगी। सीपीडब्ल्यूडी नक्शे के साथ मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था का धरातल पर उतरकर आकलन करेगी और इसके बाद निर्माण पर होने वाली खर्च का लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा, फिर इसे अंतिम प्रस्ताव के तौर पर पुनः रक्षा संपदा विभाग को भेजा जाएगा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) से संपत्ति कर के तौर पर मिलने वाले पांच करोड़ की राशि से अस्पताल और सामुदायिक केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। पहले यह पैसा सीधा कैंटोनमेंट बोर्ड के खाते में आता था, लेकिन अब इस राशि को सुविधाओं के तहत सीधा खर्च करने पर फैसला किया गया है। इस संबंध में पहले ही विभागीय अनुमति मिल चुकी है इसलिए यह कार्य कैंटोनमेंट बोर्ड ने सीपीडब्लयूडी की मदद से करने का फैसला किया है।

#### स्वरूप तैयार होगा

कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ राहुल आनंद ने बताया कि रक्षा संपदा विभाग को भेजे प्रस्ताव पर मोहर लग गई है। अब सीपीडब्लयूडी विभाग तोपखाना परेड के 21 एकड़ हिस्से का मुआयना करेगा। इसके बाद अस्पताल सहित सामुदायिक केंद्र के निर्माण से संबंधित स्वरूप तैयार किया जाएगा ताकि जल्द काम शुरू हो सके। यह सारा काम डीएफसीसीआईएल कॉरिडोर से मिलने वाली राशि के तहत किया जाएगा।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी के आरोपी काबू



**अंबाला।** नग्गल थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के दर्ज एक मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कप्तान सिंह उर्फ ताना को प्रोडक्शन वारंट पर हिरासत में लिया है। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया कि इस मामले के को लेकर शिकायतकर्ता तेजा सिंह निवासी शांति नगर अंबाला शहर ने 22 नवंबर को थाना नग्गल पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 5 नवंबर 2021 से 5 मार्च 2022 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह ने उसके पुत्र गुरविंद्र सिंह व भतीजे लखविंद्र सिंह को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की थी।

### शिक्षकों के लिए एनसीएफ-2005 की सिफारिशों पर हुई चर्चा




अंबाला। अंबाला शहर के पीकेआर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा विज्ञान गतिविधियों पर आधारित शिक्षण के लिए 2 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) का शुभारंभ किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विज्ञान शिक्षकों की शिक्षण क्षमताओं को बढ़ाना और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और नवीनतम सीबीएसई पाठ्यक्रम ढांचे के साथ संरेखित करना है। कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात संसाधन व्यक्तियों, कविता चावला और गौरव द्वारा किया गया। जहां उन्होंने विभिन्न प्रभावी पद्धतियों के माध्यम से प्रतिभागियों के साथ विज्ञान के विभिन्न कार्यों, विज्ञान के विकास के चरणों और विज्ञान एक जटिल सामाजिक गतिविधि है, जैसे विषयों पर चर्चा की। इस सत्र में माध्यमिक स्तर पर विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए एनसीएफ-2005 की सिफारिशों पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने इंटरैक्टिव गतिविधियों, समूह चर्चाओं और डिजाइनिंग ट्रिगर गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें अनुभवात्मक अधिगम और योग्यता-आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया। संसाधन व्यक्तियों ने पाठ योजना, ब्लूम के डिजिटल टैक्सोनॉमी पिरामिड और विज्ञान शिक्षण को अधिक आकर्षक और छात्र-केंद्रित बनाने के लिए नवीन दृष्टिकोणों के उपयोग पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन एक इंटरैक्टिव फीडबैक सत्र के साथ हुआ। जहां शिक्षकों ने अपनी सीख और अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों ने समृद्ध अनुभव के लिए आभार व्यक्त किया।

■ अनुभवात्मक अधिगम और योग्यता-आधारित शिक्षा पर जोर दिया

### बिना नंबर प्लेट वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी उठाएंगे कदम

# नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं का बन रही कारण, बिना हेल्मेट वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

■ ऑपरेशन हॉट स्पाट डोमिनेशन के तहत सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऑपरेशन हॉट स्पाट डोमिनेशन के तहत सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अब बिना हेलमेट व ट्रिपल राइडिंग वाले वाहन चालकों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करेगी। इस अभियान का मुख्य फोकस उन स्थानों पर होगा जहां सड़क हादसों की संभावना अधिक रहती है विशेष रूप से नेशनल हाइवे नंबर-7, 44, 152-डी, 344, 444-ए पर पुलिस नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बिना पेट्रन नंबर, बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड और अन्य नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालक कार्रवाई का शिकार होंगे।

#### यातायात नियमों की पालना जरूरी

एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि नेशनल हाईवे पर विशेष नाके स्थापित किए गए हैं। यहां पुलिसकर्मी लगातार चप्पे-चप्पे पर निगरानी रख रहे हैं। हर वाहन की नंबर प्लेट की जांच की जा रही है। जिन वाहनों पर निर्धारित पेटर्न की नंबर प्लेट नहीं पाई जा रही है उनके खिलाफ तुरंत चालान जारी किए जा रहे है। इसके अलावा बाइक सवारों के हेलमेट न पहनने व ट्रिपल राइडिंग पर सख्त जुमार्ना लगाया जा रहा है। अंबाला एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा दोनों को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों ने हाइवे पर पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पुलिस का यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे लोगों में यातायात नियमों के प्रबति जागरूकता बढ़ेगी तथा हादसों में कमी आएगी। सर्दी के मौसम में वाहन चालक वाहनों पर रिफलेक्टर का उपयोग करें। यातायात नियमों की पालना आवश्य करें।

#### बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि ऐसे नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनती हैं। इसलिए इस अभियान के तहत किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालान काटने के लिए नहीं बल्कि लोगों की जान बचाने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हाइवे पर होने वाले हादसे अधिकतर ऐसे नियमों की अनदेखी के कारण होते है, जिन्हें थोड़ी सतर्कता से रोक सकते है।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो को नोटिस

**अंबाला।** नगर परिषद अंबाला सदर ने अपने दो अधिकारियों को काम में लापरवाही बरतने के आरोप में नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई मौके के निरीक्षण के बाद अवैध निर्माण सामने आने पर की गई है। यह नोटिस म्युनिसिपल इंजीनियर, नगर परिषद अंबाला सदर कुलभूषण और जूनियर इंजीनियर मंदीप को जारी किया गया है। नोटिस में साफ कहा गया है कि चूंकि ये अधिकारी भवन गतिविधियों की निगरानी करने और नगरपालिका नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं इसलिए इस अनधिकृत गतिविधि को रोकने या इसकी तुरंत रिपोर्ट करने में उनकी विफलता कर्तव्य में लापरवाही के बराबर है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने दोनों अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस चूक के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। साइट निरीक्षण के दौरान सामने आया कि राम बाग रोड (कच्चा बाजार के पास) और गुरुद्वारा के सामने क्रॉस रोड 8 पर अनधिकृत निर्माण किया गया है।

■ नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने दोनों अधिकारियों से मांगा जवाब

### विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट के इस्तेमाल की जानकारी दी



**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के छात्र-छात्राओं के लिए साइबर बुलिंग विषय पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए यह सत्र विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से रखा गया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने कहा कि तकनीक ने सुविधाएं तो बढ़ाई हैं लेकिन इसके साथ ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराध और साइबर बुलिंग के खतरे भी तेजी से बढ़ रहे हैं। जागरूकता की कमी के कारण बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। कई बार छात्र साइबर बुलिंग का शिकार होकर डर और जानकारी की कमी के चलते मौन रह जाते हैं। ऐसे मामलों में साइबर सेल उनकी मदद और मार्गदर्शन करता है। सत्र का संचालन विषय विशेषज्ञ ट्विंकल कौशिक द्वारा किया गया।

### सिंपल रेस में आर्यमन चौहान ने अव्वल, बैकपैक में वेदांश अव्वल



**बराड़ा।** शैमराक लिटिल फ्लावर स्कूल में स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह और जोश के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान रेबिट रेस, बैलेंस द बैलून रेस, रिंग रेस, चेयर रेस, अंब्रेला रेस, बैकपैक रेस, थ्री लेग रेस तथा सिंपल रेस जैसी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। सिंपल रेस में आर्यमन चौहान ने प्रथम, वायु चौहान ने द्वितीय तथा एकांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बैकपैक रेस में वेदांश शर्मा प्रथम, सीरत द्वितीय और राधया राठौर तृतीय रहे। रिंग रेस में मनवीर प्रथम, गुरुवंश द्वितीय और लवलीन तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने सभी विजेता बच्चों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# आरपीएस के आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण, दूसरा तीसरा व चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश की ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। आदिश ने विज्ञान व गणित विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।



छात्र आदिश जैन।

#### आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।

### प्रतियोगिता | सांसद खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया दम

खिलाड़ियों ने कबड्डी के साथ खो-खो में की हिस्सेदारी

# खिलाड़ियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज.शहजादपुर

आधुनिक खेल स्टेडियम बड़ागढ़ में आयोजित सांसद खेल महोत्सव—स्वस्थ युवा फॉर विकसित भारत, युवा शक्ति का उत्सव में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते उन्हें खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी ताकत है। स्वस्थ युवा ही विकसित भारत के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं। डॉ. पवन सैनी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में लागू की गई नीतियों और योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ागढ़ स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है।



शहजादपुर। सांसद खेल महोत्सव में दम दिखाने वाले खिलाड़ी पूर्व विधायक के साथ।

#### ये रहे मौजूद

कहा कि पूरे देश में हरियाणा की खेल नीति सबसे बेहतर है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने में, नौकरी देने में सबसे आगे है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों में सक्रियता बढ़ाएं, क्योंकि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला प्रधान अनमोल सोबती की देखरेख में किया जा रहा है जिसमें विभिन्न खेल विधाओं दौड, खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिता शामिल है। यह महोत्सव युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट मंच है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक भावना बढ़ाते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर दोनों जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्म चन्द गोल्डी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सैनी अंबली, भाजयूमो के जिला अध्यक्ष अनमोल सोबती, विधानसभा चुनाव में नारायणगढ़ प्रभारी रहे नागेंद्र रावल, शहजादपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा, मारकंडेय मंडल अध्यक्ष धर्मवीर गुर्जर, कडासन मंडल अध्यक्ष हरजिंदर सिंह पाल, राकेश बिंदल, नपा सदस्य सुरजीत मक्कड, एईओ अमरेंद्र सिंह, सरपंच प्रतिनिधि बड़ागढ प्रदीप, गुरनाम सिंह धनाना, परमजीत पम्मी आदि मौजूद रहे।

### तलाशी अभियान के दौरान बिना नंबर की छह बाइक जब्त

**अंबाला।** महेश नगर थाना पुलिस ने टांगरी बांध के नजदीक व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सभी घरों की तलाशी ली गई और छह बिना नंबर की बाइकों को जब्त किया गया। संबंधित व्यक्ति बाइक से जुड़े दस्तावेज नहीं दिखा पाए। महेशनगर थाने के प्रभारी जतिंदर ढिल्लों ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान चलाया गया था। टांगरी क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के कारोबार सहित जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए दबिश दी गई। इस दौरान संवेदनशील स्थानों पर भी गहनता से तलाशी ली और कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।